केंद्रीय विद्यालय नंबर 1, साहिबाग में 'राष्ट्रीय एकता पर्व' और 'कला उत्सव' का भव्य शुभारंभ



अहमदाबाद

अहमदाबाद के केंद्रीय विद्यालय नंबर 1, साहिबाग में आज 'राष्ट्रीय एकता पर्व - एक भारत श्रेष्ठ भारत' और 'कला उत्सव' के क्षेत्रीय-स्तरीय समारोहों की शुरुआत बड़े उत्साह के साथ हुई। केंद्रीय विद्यालय संगठन और एनसीईआरटी की इस दो-दिवसीय पहल का उद्देश्य छात्रों में राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देना है। इस क्षेत्रीय समारोह में केवीएस अहमदाबाद क्षेत्र के सात क्लस्टर भाग ले रहे हैं। इसमें 500 से अधिक छात्र और शिक्षक नृत्य, गायन, थिएटर, पारंपरिक कहानी-वाचन, दृश्य कला और 3-डी कला जैसी विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि, केवीएस अहमदाबाद क्षेत्र की असिस्टेंट कमिश्नर मैडम विवियाना इक्का ने छात्रों को आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। केवीएस अहमदाबाद क्षेत्र के डिप्टी कमिश्नर धर्मेंद्र पटले और विद्यालय के प्रिंसिपल श्री अमोद कुमार ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। वक्ताओं ने राष्ट्रीय अखंडता और भारत की सांस्कृतिक विविधता को अपनाने के महत्व पर जोर दिया। यह रंगारंग कल भी जारी रहेगा।